# ज्योतिर्मय

**Hindi Textbook for Class VII**

© SCERT MIZORAM
not to be republished

*Prepared & Published by*
**State Council of Educational Research and Training**
**Aizawl : Mizoram**

**Prescribed for use as a textbook in Hindi for Class VII by the State Council of Educational Research and Training (SCERT), Mizoram, Aizawl**

**Vide Notification No. M-17021/2/2025-EDN**
**Dated Aizawl, the 7th November, 2025**

**ALL RIGHTS RESERVED**

- No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted, in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise: no preparation of notes, substances, explanation, keys, etc in the form of book(s) for sale based on the printed book herein is permitted, without the prior permission of the Director, State Council of Educational Research and Training (SCERT), Mizoram, Aizawl.
- This book is sold subject to the condition that it shall not, by way of trade, be lent, resold, hired out or otherwise disposed of without the publisher's consent, in any form of binding or cover other than that in which it is published.
- The correct price of this publication is the price printed on this page. Any revised price indicated by a rubber stamp or by a sticker or by any other means is incorrect and should be unacceptable.

First Edition : **2017**

Tenth Edition : **2026**

Copies : **9562**

Price : **₹ 75/-**

Published by :
**THE DIRECTOR**
**STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING (SCERT)**
**MIZORAM, AIZAWL**

Printed at : **Mizoram Government Press**
Aizawl, Mizoram

© SCERT MIZORAM
not to be republished

## Textbook Committee for Elementary Schools

**Chairman** : Director
SCERT

**Members** : Rev. Dr. K. Thanzauva
Education Consultant
MERC

: Director
School Education

: Chairman
MBSE

: Head, Deptt. of Education
Mizoram University

: Principal
Pachhunga University College

: State Project Director
Samagra Shiksha, Mizoram

: Principal
IASE

: Dr. Lalduhawmi Thomte
Joint Director, SCERT

: Principal
DIET Aizawl

: Representative of MSTA

: Representative of MPTA

: Representative of MISA

**Member Secretary** : Zoramthangi Ralte
Joint Director, SCERT

## Sub-Committee on Hindi Textbooks

**Coordinator** : Pi Lalrindiki
Lecturer
SCERT

**Members** : Dr. Jennie Malsawmdawngkimi
AHEO
Directorate of School Education

: Dr. Lalrinkimi
Asst. Professor
Govt. Aizawl College

: Dr. Lalmuanawma Sailo
Asst. Professor
Mizoram Hindi Training College

: Dr. Lalengzami
Teacher
Govt. Chanmari M/S

: Pu Lianzama Pachuau
Teacher
Govt. Bible M/S

: Pi Ngurnunsangi
Headmaster
Modern M/S, Reiek

: Pu David Vanlaldika Ralte
Teacher, Dawrpui M/S
Representative of MMSHTA

: Pi Aliseba Soren
Teacher
Neuhof English Medium School
Representative of MISA

**Asst. Coordinator** : Pi Lilypuii Chhangte
Lecturer
SCERT

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

**WE, THE PEOPLE OF INDIA,** having solemnly resolved to constitute India into a [1]**[SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC]** and to secure to all its citizens :

**JUSTICE,** social, economic and political;

**LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship;

**EQUALITY** of status and of opportunity; and to promote among them all

**FRATERNITY** assuring the dignity of the individual and the [2][unity and integrity of the Nation];

**IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY** this twenty-sixth day of November, 1949 do **HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.**

1. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Sovereign Democratic Republic" (w.e.f. 3.1.1977)
2. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Unity of the Nation" (w.e.f. 3.1.1977)

© SCERT MIZORAM not to be republished

# FOREWORD

It gives me great pleasure to introduce Hindi textbooks developed for Classes III to VIII under the three-Language Formula as mandated by the National Education Policy (NEP) 2020. The introduction of Hindi as third language in our school curriculum marks an important step towards broadening students' linguistic and cultural horizons.

Language plays a vital role in fostering communication, understanding, and unity in a diverse country like ours. Learning Hindi will enable our students to engage more effectively with people from different parts of India and to appreciate the linguistic richness of our nation. At the same time, it will strengthen their ability to learn and express themselves in multiple languages, which is an invaluable skill in today's interconnected world.

These textbooks have been carefully designed to suit the linguistic background and learning needs of Mizo learners. The content focuses on developing listening, speaking, reading, and writing skills through simple and engaging lessons, ensuring that students gain confidence and interest in learning Hindi.

I extend my sincere appreciation to teacher educators, subject experts, teachers and all other stakeholders involved in development of the textbooks. Their collective efforts have ensured that these textbooks truly represent the spirit of education for all while nurturing curiosity, creativity, and critical thinking among learners.

It is my earnest hope that these textbooks will serve as an effective tool in promoting multilingual competence among our students and nurturing in them a spirit of national integration and mutual respect.

Aizawl

7th November, 2025

**CAROLINE ZORAMTHANGI**

Director, SCERT

© SCERT MIZORAM not to be republished

## Zirtirtu Hriatturte

1. Ṭawng zir leh zirtirna in a tum chu 'mamawh huna hman theih leh hman ṭangkai' a nih angin ṭawng zirtirtu ten zirlaite tui taka zir tura an chawhphur thiam a ṭul hle.

2. Mizo naupangte tan Hindi hi Mizo ṭawng hawrawp nen inpersan tak a nih avangin an zir tirh aṭangin Devnagri (Hindi hawrawp) lam dan, a ri dik taka zirtir a ṭul a. A ri dik tak ngaihthlak tir, an sawi ve pawhin a lam dan dik, chhiarin a lam dan dik, leh ziakin hawrawp dik taka ziak thei turin a bul ṭan pui a ngai a ni.

3. Zirlaibua thumal zawng zawng te hi zirlaite nitin nuna hman ṭangkai chi a ni vek lova. An hriat atana ṭul, nakin hnua an la hman turte a ni thei.

4. Zirlaibu te hi class indawta zirlaiten an thiam theih tawk tura siam a nih avangin a bul ṭanna ah uluk taka zirtir ngei tur a ni.

5. **आदेश** hi zirtirtute tana buatsaih anih angin zirtirtuten uluk taka chhiarin an zawm ngei tur a ni.

6. An zirlaibu ami **स्वर** (vowel) **'अ – अः'** & **'मात्रा'** leh **व्यंजन** (Consonant) **'क-ढ़'**, **वार्तालाप** (Conversation), **लिंग** (Gender), **वचन** (Singular & Plural Number) leh **गिनती** (Number) zir thiamtir ngei a ni.

7. **लिंग, वचन, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया** leh **विशेषण** te hi Hindi zirtute tan thiam leh hriat chian ngei a ngaih avangin zirlai ten chiang leh fiah taka an hriat theih nan zirtir tur a ni.

8. **कविता** (Poem) te hi thumal tin leh tlar tin hrilhfiaha zirtir hi ṭawng zirin a tum ber a ni rih lova. Zirlai ten Hindi lam dan leh a thluk an hmelhriat a, an thiam bel theih kha a tum ber chu a ni.

9. **पाठ**-a **आदेश, अभ्यास** leh **मौखिक पाठ** te hi zirtirtuin zirlaite a zirtir zawh hnuah anmahni tihtur ang chi ho hi a tihtir ngei tur a ni. A bu chhung ami kher lo pawh zirlaiten an zir chhuah aṭanga anmahni irawm chhuaka an phuah thiam ve theih tura zirtir tur a ni.

10. **गृहकार्य** hi naupangte a tihdan tur chiang taka hrilhin zirlaiten anmahniin an ti ngei tur a ni. An tihdikloh te a dikna hrilhin, a ti lo te chu a hrana tihtir leh vek ni se.

11. Hindi-a inbiakna zirlaibu ami emaw zirlaibu ami ni lo emaw hmangin zitrlaiten an zirin an thiam thur a ni.

12. Hindi hi Mizo naupang tan subject dang aia har bik nia a lan avangin zirtirtuin zirlaite Hindi zir uar tura fuihte, India mi kan nih anga Hindi thiam ṭulzia leh thiam nawmzia te hriattir ni se.

**13.** Naupangten dik taka Devnagri script an ziah theih nan स्वर leh व्यंजन ziah dan tur tarlan a ni.

©SCERT MIZORAM not to be republished

# स्वर




© SCERT MIZORAM
not to be republished

# व्यंजन

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ

श्र ड़ ढ़

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – सूची


| पाठ – क्रम | पाठ – नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कौआ और लोमड़ी | 1 - 6 |
| 2 | संज्ञा | 7 - 13 |
| 3 | सीखो | 14 - 19 |
| 4 | सर्वनाम | 20 - 26 |
| 5 | ताज़महल | 27 - 31 |
| 6 | भारत के कुछ त्योहार | 32 - 37 |
| 7 | जंगल | 38 - 43 |
| 8 | सारे जहाँ से अच्छा | 44 - 48 |
| 9 | त्लिङी और ङ्मा | 49 - 56 |
| 10 | अनुच्छेद लेखन | 57 - 61 |
| 11 | प्रशासनिक शब्दावली | 62 - 66 |
| 12 | ज़ोरम कोकिला | 67 - 72 |
| 13 | फुटबॉल का खेल | 73 - 77 |
| 14 | समय का सदुपयोग | 78 - 83 |
| 15 | गिनती | 84 - 88 |


©SCERT MIZORAM
not to be republished

# CONSTITUTION OF INDIA

**Part IV A (Article 51 A)**

## Fundamental Duties

Fundamental Duties – It shall be the duty of every citizen of India —

(a) to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;

(b) to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;

(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(d) to defend the country and render national service when called upon to do so;

(e) to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;

(f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers, wildlife and to have compassion for living creatures;

(h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(i) to safeguard public property and to abjure violence;

(j) to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement;

(k) who is a parent or guardian, to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

© SCERT MIZORAM not to be republished

# कौआ और लोमड़ी

पाठ – 1



© SCERT MIZORAM
not to be republished

एक बार एक कौए को कहीं से एक रोटी का टुकड़ा मिला । वह उसे लेकर गाँव से बाहर एक पेड़ की शाखा पर जा बैठा । इतने में वहाँ एक भूखी लोमड़ी भोजन की खोज में आ निकली । उसने रोटी का टुकड़ा मुँह में लिए हुए पेड़ पर बैठे उस कौए को देखा । उसने कौए से रोटी का टुकड़ा लेना चाहा । वह बड़ी चालक थी। वह कहने लगी, "ए कौए ! तुम तो पक्षियों के राजा हो । तुम्हारे पंख बड़े चमकीले हैं और तुम्हारा स्वर बड़ा मीठा है । क्या तुम मुझे एक मीठा गाना सुनाओगे?" कौआ अपनी प्रशंसा सुनकर बड़ा ही प्रसन्न हुआ । उसने अपना मुँह खोला ही था कि रोटी का टुकड़ा नीचे भूमि पर गिर पड़ा । चालाक लोमड़ी ने उसे

झट से उठाकर खा लिया और यह कहकर भाग गई कि “तुम्हारा गाना सुनने के लिए फिर कभी आऊँगी।”

**शिक्षा** : चाटुकारों से हमेशा सावधान रहो।

## शब्दार्थ

टुकड़ा - भाग, खंड / piece

शाखा - डाली / branch

भोजन - खाना / food

राजा - सुलतान / king

स्वर - आवाज़ / voice

प्रसन्न - खुश / happy

गिरना - ऊपर से नीचे आना / fallen

चाटुकार - चापलूसी में माहिर / flatterer

सावधान - सतर्क / alert

गाँव - कस्बा / village

भूखी - खाली पेट / hungry

चालाक - चतुर / cunning

पंख - पर / feather

प्रशंसा - तारीफ़ / praise

भूमि - पृथ्वी / earth

© SCERT MIZORAM not to be republished

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों से व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) कौए को रोटी का टुकड़ा कहाँ से मिला ?

(ख) कौआ कहाँ जा बैठा ?

(ग) भूखी लोमड़ी किस खोज में निकली थी ?

(घ) रोटी का टुकड़ा कौन लेना चाहता था ?

(ङ) अपनी प्रशंसा सुनकर कौन बड़ा प्रसन्न हुआ ?

(च) रोटी का टुकड़ा किसने खाया ?

(छ) अंत में लोमड़ी ने कौए से क्या कहा ?

(ज) इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

**2. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) उसने ________से रोटी का टुकड़ा लेना चाहा।

(ख) तुम तो ________के राजा हो।

(ग) वह बड़ी________ थी।

(घ) तुम्हारा ________बड़ा मीठा है।

(ङ) ________से हमेशा सावधान रहो।

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गाँव | - | बाहर | - |
| लेना | - | चालाक | - |
| राजा | - | प्रशंसा | - |
| बड़ा | - | खोलना | - |
| नीचे | - | आना | - |

© SCERT MIZORAM not to be republished

4. **इन शब्दों से वाक्य बनाइए :**

टुकड़ा -

भूखी -

मुँह -

पंख -

रोटी -

चालाक -

5. **सही कथन के सामने ( ✓ ) और गलत कथन के सामने ( x ) का चिह्न लगाइए :**

(क) अंत में लोमड़ी को रोटी का टुकड़ा मिला। ( )

(ख) कौआ बड़ा चालक था। ( )

(ग) कौआ अपनी प्रशंसा सुनकर बड़ा प्रसन्न हुआ। ( )

(घ) लोमड़ी ने गाने के लिए अपना मुँह खोला। ( )

(ङ) चाटुकारों से हमेशा सावधान रहो। ( )

**गृहकार्य :** 1. लोमड़ी के बारे में चार वाक्य लिखकर लाइए।

2. कौए के बारे में चार वाक्य लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

भविष्यत् काल

**वाक्य :**

1. मैं सात बजे नाश्ता करूँगा।
2. मैं स्कूल जाऊँगा।
3. मैं चाय पीऊँगी।
4. लली अस्पताल जाएगी।
5. हम फुटबॉल खेलेंगे।
6. ज़ाउवा और रेमा खाना खाएँगे।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'भविष्यत् काल' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र भविष्यत् काल को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# संज्ञा

## पाठ – 2

**थङी** और **लियानी चम्फाई** में रहती हैं। दोनों में अच्छी **दोस्ती** है। दोनों एक ही **कक्षा** में पढ़ती हैं और **बस** से **विद्यालय** एक साथ जाती हैं।

उपर्युक्त वाक्यों में :

| | | |
|---|---|---|
| व्यक्तियों के नाम | - | थङी और लियानी, |
| स्थान के नाम | - | चम्फाई , कक्षा और विद्यालय |
| वस्तु के नाम | - | बस |
| भाव के नाम | - | दोस्ती। ये सभी संज्ञाएँ हैं। |

**परिभाषा** : किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान एवं भाव के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं।

'भाव' के नाम, व्यक्ति, वस्तु, प्राणी और स्थान के नाम से भिन्न होते हैं।

**क्या भिन्नता है ?**

व्यक्ति,वस्तु, प्राणी और स्थान को देखा और छुआ जा सकता है, उनकी शक्ल होती है, आकार-प्रकार होता है लेकिन भाव को देखा और छुआ नहीं जा सकता। उनके रूप-आकार नहीं होते, उनके चित्र भी नहीं बनते, उनका अनुभव

© SCERT MIZORAM. not to be republished

किया जा सकता है । जैसे – आम में मिठास है । मिठास भाव का नाम है इसे अनुभव कर सकते हैं ।

**संज्ञा के भेद –** संज्ञा के तीन भेद होते हैं ।




**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा** – जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो उसे **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते हैं ।

**जैसे :**

| | |
|---|---|
| तुइरिनी | बाइबल |
| महात्मा गांधी | लाल किला |
| मदर टेरेसा | वानापा हॉल |

कुछ व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ –

| | | |
|---|---|---|
| देशों या राज्यों के नाम जैसे | - | मिज़ोरम, भारत, जापान, श्रीलंका, बिहार आदि। |
| नदियों के नाम जैसे | - | त्लोङ , तुइरियाल, गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र |
| त्योहारों के नाम जैसे | - | क्रिसमस, होली , दीपावली, ईद, दशहरा, पोंगल आदि। |

© SCERT MIZORAM not to be republished

| | | |
|---|---|---|
| खेलों के नाम जैसे | - | फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस आदि । |
| इमारतों के नाम जैसे | - | लाल किला, इंडिया गेट, ताजमहल, राज-भवन आदि । |
| व्यक्तियों के नाम जैसे | - | ताइतेसेना, वानापा, खुआङ्चेरा, रोनाल्डो आदि । |
| दिनों के नाम जैसे | - | सोमवार, मंगलवार, बुधवार आदि । |
| महीनों के नाम जैसे | - | जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल आदि । |

**2. जातिवाचक संज्ञा -** जिस संज्ञा शब्द से एक ही जाति के सभी व्यक्तियों, वस्तुओं या स्थानों का बोध हो, उसे **'जातिवाचक संज्ञा'** कहते हैं ।

**जैसे :**

| | | |
|---|---|---|
| कलम | चर्च | लड़का |
| किताब | घर | लड़की |

कुछ और जातिवाचक संज्ञाएँ :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फल | फूल | मैदान | घोड़ा | छात्र | कक्षा |
| बकरी | नदी | पहाड़ | शहर | अध्यापक | आदि । |

**3. भाववाचक संज्ञा -** जिस संज्ञा शब्द से गुण, दोष, अवस्था और भाव का बोध हो, उसे **'भाववाचक संज्ञा'** कहते हैं ।

**जैसे :**

| | | |
|---|---|---|
| मिठास | बुढ़ापा | सुंदरता |

©SCERT MIZORAM not to be republished

बचपन खट्टाई वीरता

कुछ भाववाचक संज्ञाएँ -

ऊँचाई गर्मी सुगंध खुशी ईमानदारी

लंबाई ममता सुख दुःख गरीबी आदि।

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। ( सामूहिक वाचन )
4. छात्रों से व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

## अभ्यास

**1. उत्तर दीजिए :**

(क) संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

(ख) संज्ञा के पाँच शब्द लिखिए।

©SCERT MIZORAM
Not to be republished

(ग) संज्ञा के कितने भेद हैं ? उदाहरण के साथ लिखिए।

**2. उचित संज्ञा शब्दों से खाली स्थानों को भरिए :**

(क) मेज़ पर _________ है।

(ख) _________मिज़ोरम की राजधानी है।

(ग) गुलाब का फूल _________होता है।

(घ) पके आम में ________ है।

(ङ) मिज़ोरम के वर्तमान मुख्यमंत्री का नाम __________ है।

(च) ________ मिज़ोरम की सबसे बड़ी नदी है।

**3. निम्नलिखित शब्दों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा निकालिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आइज़ोल | ऊँचाई | किताब | लंबाई | नदी |
| महात्मा गांधी | सर्दी | आनंद | खुशी | लाल किला |

**4. निम्नलिखित शब्दों में से भाववाचक संज्ञा कौन-कौन से हैं ?**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गुण | लड़का | दोष | बकरा | मिठास |
| नदी | लंबाई | सुंदर | भवन | दोस्ती |

**5. निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा अलग कीजिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पहाड़ | गांधीजी | अध्यापक | आइज़ोल | त्लोङ |

© SCERT MIZORAM not to be republished

शहर विद्यालय फल थनमोया बचपन

**6. निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए :**

(क) अच्छा (ख) लड़का (ग) पढ़ना (घ) ग़रीब

**7. बीच में दिए गए संज्ञा शब्दों को छाँटकर उनके भेद के अनुसार अलग- अलग डिब्बे में लिखिए :**

| व्यक्तिवाचक | | | | भाववाचक |
|---|---|---|---|---|
| | गर्मी | पुस्तक | नदी | |
| | चर्च | घोड़ा | ममता | |
| | सुख | चम्फाई | प्रेम | |
| | लियाना | तुइरियाल | ज़ारा | |

| जातिवाचक |
|---|
| |

**गृहकार्य :**

(क) जातिवाचक संज्ञा की परिभाषा लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा और भाववाचक संज्ञा के तीन तीन उदाहरण लिखकर लाइए।

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
संज्ञा

**वाक्य :**

1. मोया और बियाका विद्यार्थी हैं।
2. थङा पुस्तक पढ़ता है।
3. सिपाही मैदान में दौड़ रहे हैं।
4. बाग में फूल खिले हैं।
5. लला बहुत ईमानदार है।
6. लड़कियाँ बहुत खुश हैं।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों में से संज्ञा के भेदों से संबंधित शब्द निकलवाए जाएँ और इस तरह के कई वाक्य बनाए जाएँ जिससे छात्र संज्ञाओं को ठीक से पहचान सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

पाठ – 3

# सीखो

फूलों से नित हँसना सीखो,
भौंरों से नित गाना ।
तरु की झुकी डालियों से,
सीखों शीश झुकाना ।





लता और पेड़ों से सीखो,
सबको गले लगाना ।
दूध तथा पानी से सीखो,
मिलना और मिलाना ।



दीपक से सीखो,
जितना हो सके अंधेरा हरना ।
पृथ्वी से सीखो,
प्राणी की सच्ची सेवा करना ।



सूरज की किरणों से सीखो,
जागना और जगाना ।
जलधारा से सीखो,
आगे जीवन पथ में बढ़ना ।

© SCERT MIZORAM. not to be republished

## शब्दार्थ

नित - हमेशा, सदा / always

तरु - पेड़ / tree

हँसना - मुस्कुराना / to laugh

भौंरा - एक प्रकार की मक्खी जो फूलों का रस चूसती है / a black bee

शीश - सिर / head

सेवा - सहायता / to help, to serve

गले लगाना - आलिंगन करना / to hug

अंधेरा - तम / darkness

प्राणी - जिसमें प्राण हो, प्राणयुक्त / living things

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों से व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

1. **इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) हमें फूलों से क्या सीखना चाहिए ?

(ख) हम किससे शीश झुकाना सीख सकते हैं ?

(ग) दूध तथा पानी से हम क्या सीख सकते हैं ?

(घ) अंधेरे को हरना हम किससे सीख सकते हैं ?

(ङ) सूरज की किरणें क्या सिखाती हैं ?

(च) हमें जलधारा से क्या सीखना चाहिए ?

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए :**

(क) फूलों और भौंरों से हमें सीख मिलती है कि हमें –

i) सदा खड़े रहना चाहिए ☐

ii) सदा हँसना और गाना चाहिए ☐

iii) सबको गले लगाना चाहिए ☐

© SCERT MIZORAM not to be republished

(ख) लता और पेड़ों से हमें सीख मिलती है कि हमें –

i) सबसे मिलना और मिलाना चाहिए ☐

ii) जीवन पथ में बढ़ना चाहिए ☐

iii) सबको गले लगाना चाहिए ☐

(ग) पृथ्वी से हमें क्या सीखना चाहिए ?

i) सबको अपने ऊपर धारण करना ☐

ii) सभी प्राणियों की सच्ची सेवा ☐

iii) केवल मनुष्यों को प्यार करना ☐

(घ) सूरज की किरणों से हमें क्या सीखना चाहिए ?

i) जगना और जगाना ☐

ii) शीश झुकाना ☐

iii) जीवन पथ में आगे बढ़ना ☐

**3. इन शब्दों के लिखित अभ्यास कीजिए :**

तरु ____________ ____________ ____________

अँधेरा ____________ ____________ ____________

पृथ्वी ____________ ____________ ____________

किरणों ____________ ____________ ____________

पथ ____________ ____________ ____________

© SCERT MIZORAM not to be republished

**4. पढ़ो, समझो और लिखो :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पढ़ | + | ना | = | पढ़ना |
| झुक | + | ना | = | ______ |
| हर | + | ना | = | ______ |
| बढ़ | + | ना | = | ______ |
| जुड़ | + | ना | = | ______ |
| चढ़ | + | ना | = | ______ |

**5. सही विपरीत शब्द को चुनकर लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हँसना | x | _________ | ( रुलाई / रोना ) |
| सत्य | x | _________ | ( असत्य / झूठा ) |
| कोमल | x | _________ | ( कठोर / नर्म ) |
| जगना | x | _________ | (सुलाना / सोना ) |
| सच्चा | x | _________ | (कच्चा / झूठा ) |

**गृहकार्य :** 1. पढ़े गए कविता को कंठस्थ करके आइए।

2. कविता को सुंदर अक्षरों में दो बार लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

तुम....सीखो / आप ......सीखिए

**वाक्य :**

1. **तुम** लिखना **सीखो** / **आप** लिखना **सीखिए** ।
2. **तुम** हँसना **सीखो** / **आप** हँसना **सीखिए** ।
3. **तुम** झुकना **सीखो** / **आप** झुकना **सीखिए** ।
4. **तुम** पढ़ना **सीखो** / **आप** पढ़ना **सीखिए** ।
5. **तुम** सत्य बोलना **सीखो** / **आप** सत्य बोलना **सीखिए** ।
6. **तुम** जलधारा से आगे बढ़ना **सीखो** / **आप** जलधारा से आगे बढ़ना **सीखिए** ।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'तुम....सीखो/ आप ....सीखिए' के प्रयोग से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र इस प्रकार के वाक्यों के प्रयोग को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 4

# सर्वनाम

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे – मैं, वह, हम, वे, आप, यह, ये, कौन, तू आदि।

प्रयोग के आधार पर सर्वनाम के छः भेद होते हैं।

(क) पुरूषवाचक (ख) निश्चयवाचक

(ग) अनिश्चयवाचक (घ) प्रश्नवाचक

(ङ) संबंधवाचक (च) निजवाचक

**1. पुरूषवाचक :** जो सर्वनाम वक्ता, श्रोता या जिसके बारे में कहा जाने का बोध कराए उसे पुरूषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

इसके तीन भेद होते हैं –

(क) उत्तम पुरुष – मैं, हम।

(ख) मध्यम पुरुष – तू, तुम, आप।

(ग) अन्य पुरुष – वह, यह, ये, वे।

© SCERT MIZORAM. not to be republished

**2. निश्चयवाचक सर्वनाम :** जो सर्वनाम पास या दूर की व्यक्ति या वस्तु का निश्चित संकेत करते हैं उसे **निश्चयवाचक** सर्वनाम कहते हैं।

जैसे : (क) यह पुस्तक तुम्हारी है।

(ख) ये हमारे सहपाठी हैं।

(ग) वह मेरी किताब है और वे तुम्हारी।

**3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम :** जिस सर्वनाम से किसी अनिश्चित व्यक्ति, प्राणी या वस्तु का बोध हो, उसे **अनिश्चयवाचक** सर्वनाम कहते हैं।

जैसे : (क) दरवाजे पर कोई आया है।

(ख) दूध में कुछ गिर गया है।

**4. प्रश्नवाचक सर्वनाम :** जिस सर्वनाम का प्रयोग किसी व्यक्ति या वस्तु के संबंध में **प्रश्न** पूछने या जानने के लिए किया जाता है, उसे **प्रश्नवाचक** सर्वनाम कहते हैं।

जैसे : (क) आपके घर में कौन आया है ?

(ख) आज तुमने क्या खाया ?

**5. संबंधवाचक सर्वनाम :** वाक्य में **प्रयुक्त** दूसरे संज्ञा या सर्वनाम शब्दों से संबंध बतानेवाले सर्वनाम संबंधवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

© SCERT MIZORAM not to be republished

जैसे : (क) जो मेहनत करेगा, वह पास होगा।

(ख) जो करेगा, सो भरेगा।

**6. निजवाचक सर्वनाम :** जो सर्वनाम कर्ता के साथ अपनापन का बोध कराते हैं, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

जैसे : (क) महेश यह काम स्वयं कर लेगा।

(ख) वह स्कूल से अपने-आप आ गया।

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. अपनी-अपनी कॉपी निकालिए और पाठ में दिए गए सर्वनाम तथा उनकी परिभाषाओं को देखते हुए ध्यान से सुंदर अक्षरों में लिखिए।
5. सस्वर वाचन। (छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में।)

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

**1. अध्यापक :** मेरा अनुकरण कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| अध्यापक | - | मैं पढ़ रहा हूँ। |
| छात्र | - | मैं पढ़ रहा हूँ। |
| अध्यापक | - | आप कब आए ? |
| छात्र | - | आप कब आए ? |
| अध्यापक | - | वे सब मेले में जाएँगे। |
| छात्र | - | वे सब मेले में जाएँगे। |
| अध्यापक | - | कौन आया है ? |
| छात्र | - | कौन आया है ? |
| अध्यापक | - | मेरा कमरा बड़ा है। |
| छात्र | - | मेरा कमरा बड़ा है। |

**2. सही सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्यों को सुधारिए :**

(क) हम पढ़ रहा है।

(ख) मैं कमरा बड़ा है।

(ग) यह लड़के है।

(घ) कल मैं कहाँ गए थे ?

(ङ) वह ने गीत गाया।

© SCERT MIZORAM not to be republished

(च) वह का भाई बीमार है।
(छ) तुम आया है।
(ज) उस आ गया है।

**3. उचित सर्वनाम से रिक्त स्थान भरिए :**

(क) _______ आ रहा है। (वे/ वह)

(ख) _______ पढ़ रहे हैं। (मैं / हम)

(ग) _______ भाई बीमार है। (उसका / उसकी)

(घ) _______ कमरा साफ़ है। (मेरा / उसकी)

(ङ) _______ क्या कर रहे हो ? (आप / तुम)

**4. दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटकर निकालिए :**

(क) यह मेरा घर है।
(ख) तू अच्छी लड़की है।
(ग) आपने किसको बुलाया है ?
(घ) वे सब मेले में जाएँगे।
(ङ) तुम क्या कर रहे हो ?

**5. दिए गए सर्वनामों से वाक्य बनाइए :**

कौन मुझे उसका तुम आप तू

© SCERT MIZORAM not to be republished

6. **दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटिए और उनके भेद भी लिखिए :**

(क) मैं पढ़ रहा हूँ।

(ख) हम पढ़ रहे हैं।

(ग) तुम क्या कर रहे हो ?

(घ) आप कब आए ?

(ङ) वह आ गया है।

(च) वे सब मेले में जाएँगे।

(छ) यह मेरा घर है।

(ज) कौन आया है ?

(झ) तू अच्छी लड़की है।

(ञ) उसका भाई बीमार है।

(ट) मेरा कमरा बड़ा है।

(ठ) ये लड़के हैं।

(ड) आपने किसको बुलाया है ?

**गृहकार्य :** इन प्रश्नों के उत्तर लिखकर लाइए।

1. सर्वनाम की परिभाषा लिखिए ?
2. सर्वनाम के कौन-कौन से भेद हैं ?
3. पुरूषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
पुनरुक्ति

**वाक्य :**

1. तुम **बार-बार** मत चिल्लाओ।
2. सड़क पर **धीरे-धीरे** चलो।
3. लुईस, अस्पताल में **जोर-जोर** से मत बोलो।
4. सब लोग **बारी-बारी** से यहाँ आओ।
5. बस आ रही है, **जल्दी-जल्दी** खाओ।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य अनेक वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र "बड़ा-बड़ा, दूर-दूर, सुंदर-सुंदर, बहुत-बहुत, गरम-गरम, दोस्त-दोस्त" जैसे अन्य **पुनरुक्ति** शब्दों को सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 5

# ताज़महल



ताज़महल दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक है। यह एक सुंदर और भव्य ऐतिहासिक इमारत है। ताज़महल उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में स्थित है। मुग़ल बादशाह ने अपनी बेग़म मुमताज की यादगार में इस दर्शनीय इमारत को बनवाया था। बादशाह शाहजहाँ और मुमताज का मकबरा इसी ताज़महल के भीतर है।

17 वीं शताब्दी में यह सुंदर इमारत बनवाई गई थी। कहा जाता है कि करीब 20 हज़ार मज़दूरों ने इसे लगभग 20 सालों में बनाया है। इसके निर्माण में एक हज़ार लाख रुपये लगे थे।

© SCERT MIZORAM not to be republished

ताज़महल यमुना नदी के तट पर बना है। इसका क्षेत्रफल पाँच सौ अस्सी मीटर लंबा और तीन सौ एक मीटर चौड़ा है। इसमें लगे सफ़ेद संगमरमर राजस्थान से और पीले पत्थर नर्मदा नदी के किनारे से लाए गए थे। राजस्थान के पत्थरों के **अतिरिक्त** इस इमारत को सजाने के लिए तिब्बत, श्रीलंका तथा बग़दाद से भी अनेक मूल्यवान हीरे और पत्थर लगाए गए।

अति सुंदर इमारत होने के साथ-साथ ताज़महल 'अमर प्रेम' की निशानी भी है। प्रतिदिन देश-विदेश से अनेक यात्री ताज़महल को देखने आया करते हैं।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

## शब्दार्थ

इमारत - पक्का भवन / building

आश्चर्य - अद्भुत, विचित्र / wonder

बेग़म - रानी, महारानी / queen, lady

दर्शनीय - देखने योग्य, मशहूर / viewable, notable

निर्माण - बनाना / construct

मक़बरा - कब्र पर बनी हुई इमारत या गुंबद / tomb

अति - बहुत अधिक / much, supreme

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

## अभ्यास

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) ताज़महल किसने बनवाया था ?

(ख) ताज़महल कहाँ स्थित है ?

(ग) ताज़महल कब बना था ?

(घ) ताज़महल किसकी पहचान है ?

(ङ) शाहजहाँ की बेग़म का नाम क्या था ?

(च) ताज़महल बनाने में कितना समय लगा था ?

(छ) ताज़महल का क्षेत्रफल लिखिए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

2. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

संगमरमर यादगार ताज़महल ऐतिहासिक आगरा

(क) ताज़महल एक सुंदर ________इमारत है।

(ख) यह उत्तर प्रदेश के ________शहर में स्थित है।

(ग) ताज़महल ________के पत्थरों से बना है।

(घ) बेग़म मुमताज़ की _______ में शाहजहाँ ने ताज़महल बनवाया था।

(ङ) _______ 'अमर प्रेम' की निशानी भी है।

3. **दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य बनाइए :**

सुंदर दुनिया शहर इमारत यादग़ार किनारा

4. **इन शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए :**

पत्थर वस्तु इमारत महीने नदी किनारा

5. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

अंदर - शहर -

सफ़ेद - निर्माण -

मूल्य - सुबह -

**गृहकार्य :** ताज़महल के बारे में दस वाक्य लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिन्दु :**
पूर्ण भूतकाल

**वाक्य :**

1. ज़ामा लिख चुका था।
2. माएङी सो चुकी थी।
3. हम आ चुके थे।
4. लुईस खाना खा चुकी थी।
5. मैं आराम कर चुकी थी।
6. पारा और रेमा दिल्ली जा चुके थे।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'पूर्ण भूतकाल' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र पूर्ण भूतकाल को ठीक से पहचान सके और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# भारत के कुछ त्योहार

पाठ – 6




## 1. क्रिसमस

क्रिसमस ईसाइयों का सबसे बड़ा त्योहार है। इसे बड़ा दिन भी कहते हैं। यह हर वर्ष 25 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस दिन ईसा मसीह का जन्म बेथ्लेहेम में हुआ था। ईसाई लोग ईसा मसीह को अपना प्रभु और मुक्तिदाता मानते हैं। इसलिए क्रिसमस के त्योहार को पूरी दुनिया में बड़े धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस के दिन सब लोग नए-नए कपड़े पहनकर गिरज़ाघर में प्रार्थना करने और बाइबिल के प्रवचन सुनने जाते हैं। इस दिन तरह-तरह के पकवान और क्रिसमस-केक आदि बनाए जाते हैं और सभी लोग अपने दोस्तों, रिश्तेदारों तथा पड़ोसियों को कुछ न कुछ उपहार देते हैं। यह खुशी का त्योहार है।

## 2. दीपावली



दीपावली या दीवाली हिंदुओं का एक बड़ा त्योहार है। दीपावली अक्टूबर या नवम्बर महीने की अमावस्या के दिन मनाई जाती है।

इसी दिन भगवान राम चौदह वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे। इसी खुशी में घरों, आँगनों और मंदिरों में दीप जलाए जाते हैं। इस दिन सभी गाँव तथा शहर प्रकाश में जगमगाने लगते हैं। इसलिए इसे दीपों का त्योहार भी कहा जाता है।



## 3. ईद-उल-फ़ितर

ईद-उल-फ़ितर मुसलमानों का त्योहार है। मुसलमान लोग रमज़ान में महीने भर उपवास रखते हैं। इस उपवास को 'रोज़ा' कहते हैं। रोज़ा के बाद का पहला दिन ही ईद-उल-फ़ितर का दिन होता है। इस दिन मुसलमान लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे से गले मिलकर 'ईद मुबारक' कहते हैं। इस दिन मुसलमान लोग मस्जिद या किसी खुले मैदान में एक साथ नमाज़ पढ़ते हैं।

## शब्दों के अर्थ

| | | |
|---|---|---|
| वर्ष | - | साल / year |
| प्रभु | - | ईश्वर / Lord |
| त्योहार | - | उत्सव / festival |
| वनवास | - | जंगल में रहना / forest dwellers |
| अमावस्या | - | चंद्रमा की पंद्रहवीं काल, अंधेरी रात, जिस रात चंद्रमा दिखाई नहीं देता / moonless night |

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) प्रभु ईसा मसीह का जन्म कहाँ हुआ था ?

(ख) क्रिसमस कब मनाया जाता है ?

(ग) दीपावली किस महीने में मनाई जाती है ?

(घ) रोज़ा के बाद का पहला दिन क्या है ?

(ङ) मुसलमान लोग मस्जिद या किसी खुले मैदान में एकसाथ क्या पढ़ते हैं ?

(च) कौन लोग क्रिसमस मनाते हैं ?

(छ) दीपावली कौन लोग मनाते हैं ?

**2. नीचे लिखे शब्दों के विपरीत / विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | - | प्रेम | - |
| जन्म | - | सुगंध | - |
| एक | - | आगे | - |
| मित्र | - | प्रकाश | - |
| सुख | - | अपना | - |
| जल | - | व्यक्तिगत | - |

© SCERT MIZORAM not to be republished

3. **पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) _______ ईसाइयों का सबसे बड़ा त्योहार है।

(ख) मुसलमान लोग _______ में महीने भर उपवास रखते हैं।

(ग) मुसलमान लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे से गले मिलकर _______ कहते हैं।

(घ) दीपावली में घरों, ______ और ______ में दीप जलाए जाते हैं।

(ङ) क्रिसमस के इस त्योहार को पूरी दुनिया में बड़ी ______ के साथ मनाया जाता है।

4. **नीचे लिखे शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उपहार | = | आग | = |
| सूर्य | = | सुबह | = |
| जन्म | = | प्रार्थना | = |

5. **निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| त्योहार | प्रवचन | दुनिया | अमावस्या |
| प्रकाश | उपवास | मैदान | रमज़ान |

© SCERT MIZORAM not to be republished

**गृहकार्य :** क्रिसमस, दीपावली और ईद-उल-फ़ितर पर पाँच-पाँच वाक्य लिखकर लाइए।

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

संदिग्ध भूतकाल

**वाक्य :**

1. वह काम कर चुका होगा।
2. लली सो चुकी होगी।
3. वे सामान भेज चुके होंगे।
4. किमा कपड़े पहन चुका होगा।
5. वह पत्र लिख चुकी होगी।
6. पिताजी आराम कर चुके होंगे।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'संदिग्ध भूतकाल' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र संदिग्ध भूतकाल को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 7

# जंगल



क्या तुमने कभी जंगल देखा है ? जंगल में बहुत-से पेड़ होते हैं। गाँव-शहरों में पाए जानेवाले आम, शहतूत, नीम, जामुन के पेड़ ही नहीं बल्कि ऐसे बहुत सारे पेड़ होते हैं जिनके नाम भी सब लोगों को ज्ञात नहीं होते। कई जंगल तो इतने घने होते हैं कि दिन में भी वहाँ अंधेरा रहता है।

जंगलों से हमें जलाने की लकड़ी तो मिलती ही है साथ ही दूसरे कामों जैसे- फर्नीचर और मकान बनाने के लिए इमारती लकड़ी भी मिलती है। यह इमारती लकड़ी देवदार, शीशम, सागवान, स्प्रूस और फ़र जैसे मज़बूत पेड़ों से प्राप्त होती है। इसके अलावा जंगल से हमें कई जड़ी-बूटियाँ भी मिलती हैं, जिनका दवाइयाँ बनाने में उपयोग होता है। क्या तुम जानते हो मलेरिया बुखार की दवा किससे बनाई जाती है? मलेरिया की दवा 'सिनकोना' पेड़ की छाल से बनाई जाती है।

जंगल हमारे लिए हर दृष्टि से उपयोगी है। ये हमें ज़िंदा रहने के लिए शुद्ध हवा भी देते हैं। हम लोग जो साँस अंदर लेते हैं उसमें 'ऑक्सीजन' की मात्रा अधिक होती है। जो साँस हम बाहर छोड़ते हैं उसमें 'कार्बन डाइऑक्साइड' की मात्रा अधिक होती है। यदि यह क्रम लगातार चलता रहे तो एक दिन पृथ्वी पर ओक्सीजन बिल्कुल ही ख़तम हो जाएगी। पर ऐसा नहीं होता क्योंकि पेड़ जब अपना भोजन बनाते हैं तो इस कार्बन डाइऑक्साइड का प्रयोग कर लेते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। जिससे हवा में ऑक्सीजन की मात्रा कम नहीं हो पाती और हमें शुद्ध हवा मिलती रहती हैं।

जंगल केवल हमारे लिए ही उपयोगी नहीं हैं बल्कि वहाँ बहुत से जीव-जंतुओं के घर भी हैं। सिंह, बाघ, चीता, भालू, हाथी, गेंडा, हिरण, बारहसिंघा आदि जंगली जानवर हैं। तुम इन्हें चिड़ियाघर में देख सकते हो। परंतु वहाँ तो ये कैदियों की तरह रहते हैं, जो मस्ती और आनंद इन्हें आज़ाद रहकर जंगल में मिलता है, चिड़ियाघर में कहाँ!

© SCERT MIZORAM not to be republished

घरों से तो हम केवल कौए, तोते और कबूतर आदि घरेलू चिड़ियाँ ही देख पाते हैं परंतु जंगल में इतने रंग-बिरंगे, तरह-तरह के पक्षी होते हैं कि देखकर दिल न भरे । गिद्ध, नीलकंठ, धनेश, बगुला, सारस, उल्लू, मोर आदि को उनके वास्तविक रूप में जंगल में ही देखा जा सकता है ।

ये जंगल हमारे इतने काम के हैं फिर भी मनुष्य इन्हें काटने में लगा है । लगातार पेड़ कटने के कारण जंगल बहुत कम हो गए हैं जिससे शुद्ध हवा में कमी हो ही रही है, मिट्टी का कटाव भी शुरू हो गया है, क्योंकि पेड़ों की जड़े ही तमाम **मिट्टी** को जकड़े रखती हैं। जंगल कम होने का असर जंगली जानवरों पर भी पड़ा है । ये भी धीरे-धीरे कम होकर **विलुप्त** होने लगे हैं । बहुत से जीव-जंतु तो पूरी तरह **समाप्त** भी हो गए हैं । यदि यही सिलसिला चलता रहा तो एक दिन पूरी पृथ्वी ही वीरान् हो जाएगी और मनुष्य-जाति भी **समाप्त** हो जाएगी । ऐसा न हो इसके लिए हमें आज से प्रयास करना होगा और जगह-जगह पेड़ लगाने होंगे । साथ ही जंगलों को काटने से बचाना होगा ।

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| प्रयास | - | कोशिश / try |
| **दृष्टि** | - | नज़र / sight |
| सिलसिला | - | क्रम से / continuation |
| वीरान | - | सुनसान / uninhabited |
| शहतूत | - | एक फल का नाम / mulberry |
| धनेश | - | एक पक्षी / stork आ |

© SCERT MIZORAM not to be republished

बगुला - एक पक्षी / heron

सारस - एक पक्षी / crane

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) फर्नीचर और मकान बनाने के लिए कौन-कौन-सी लकड़ियों का प्रयोग किया जाता है ?

(ख) जंगल हमारे लिए क्यों उपयोगी है ?

(ग) जंगल वातावरण को कैसे शुद्ध करते हैं ?

(घ) पाँच जंगली जानवरों के नाम लिखिए।

(ङ) यदि जंगल न हो तो क्या होगा ?

(च) मलेरिया की दवा किस पेड़ की छाल से बनाई जाती है ?

**2. जो पक्षी तुम अपने घर के आस-पास देखते हो, उन्हें 'घरेलू' खाने में लिखिए। जो जंगल में रहते हैं, उन्हें 'जंगली' खाने में लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गिद्ध | मोर | तोता | कबूतर |
| बगुला | कौआ | सारस | मैना |

| घरेलू |
|---|
| |

| जंगली |
|---|
| |

**3. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) जंगल से हमें कई _________भी मिलती हैं।

(ख) मलेरिया की दवा _________पेड़ की छाल से बनाई जाती है।

(ग) पेड़ों की जड़ें ही तमाम मिट्टी को ________रखती है।

(घ) बहुत से ________ तो पूरी तरह समाप्त हो भी गए हैं।

(ङ) साथ ही जंगलों को ________ से बचाना होगा।

**गृहकार्य :** इन शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए।

आनंद    कैदी    वीरान    कम    शुद्ध

©SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
भविष्यत् काल

**वाक्य :**

1. मैं कल दिल्ली जाऊँगी।
2. आप कल क्या करेंगे ?
3. ज़ामा कल कोलासीब जाएगा।
4. हम कल सेरछीप जाएँगे।
5. हम सब कल शादी समारोह में जाएँगे।
6. वे परसों वापस चले जाएँगे।
7. तुम हमारे घर कब आओगे ?
8. पहले अस्पताल जाऊँगी फिर तुम्हारे घर आऊँगी।
9. आज हम नदी में नहाने जाएँगे।
10. मुआना चार दिनों के बाद कोलासीब से लौटेगा।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'भविष्यत् काल' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र 'भविष्यत काल' को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# सारे जहाँ से अच्छा

पाठ – 8

- डॉ. मुहम्मद इक़बाल

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा।
हम बुलबुले हैं इसकी, ये गुलसिताँ हमारा।।

परबत वो सबसे ऊँचा हमसाया आसमाँ का।
वो संतरी हमारा, वो पासबाँ हमारा।।

गोदी में खेलती हैं जिसकी हज़ारों नदियाँ।
गुलशन है जिसके दम से, रश्क-ए-जिनाँ हमारा।।

मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना
हिंदी हैं हम, वतन है हिन्दोस्ताँ हमारा।।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| जहाँ | - | संसार / world |
| हिन्दोस्ताँ | - | भारत / India |
| बुलबुले | - | nightingale |
| गुलसिताँ | - | बगीचा, उपवन / garden |
| परबत | - | पर्वत, पहाड़ / mountain |
| हमसाया | - | पड़ोसी / neighbour |
| संतरी | - | पहरेदार / guard |
| रश्क-ए-जिनाँ | - | जलन / the envy of paradise |
| मज़हब | - | धर्म / religion |
| बैर | - | दुश्मनी / enmity |
| वतन | - | देश / country |

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) हमारा हिन्दोस्ताँ कैसा है ?

(ख) मज़हब हमें क्या नहीं सिखाता है ?

(ग) हिन्दोस्ताँ की गोदी में कौन खेलता है ?

(घ) कवि ने किसे गुलसिताँ कहा है ?

(ङ) पर्वत हमारे देश के लिए क्या है ?

(च) हम किसके बुलबुले हैं ?

**2. पाठ के आधार पर खाली स्थानों को भरिए :**

(क) सारे _______से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा।

(ख) परबत वो सबसे ऊँचा ______आसमाँ का।

(ग) ______में खेलती हैं जिसकी हजारों नदियाँ।

(घ) मज़हब नहीं सिखाता _______ में बैर रखना।

(ङ) गुलशन है _______दम से, ________ जिनाँ हमारा।

© SCERT MIZORAM not to be republished

3. **खण्ड 'क' तथा 'ख' के वाक्यांशों को मिलाकर सही वाक्य बनाइए :**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (क) | सारे जहाँ से | जिसकी हजारों नदियाँ |
| (ख) | परबत वो सबसे ऊँचा | अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा |
| (ग) | गोदी में खेलती है | आपस में बैर रखना |
| (घ) | मज़हब नहीं सिखाता | हमसाया आसमाँ का |
| (ङ) | वो संतरी हमारा | वो पासबाँ हमारा |

4. **उदाहरण के अनुसार दिए गए शब्दों के दो-दो पर्याय शब्द लिखिए :**

उदाहरण : जहाँ = दुनिया, संसार

| | | | |
|---|---|---|---|
| परबत | गुलसिताँ | चाँद | आँख |
| आकाश | नदी | धरती | हवा |

5. **समान अर्थवाले शब्दों को मिलाइए :**

| | |
|---|---|
| पवन | चंद्रमा |
| सूत्र | आसमान |
| उपवन | हवा |
| चाँद | धागा |
| सुमन | बगीचा |
| गगन | फूल |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

**गृहकार्य :**

(क) कविता को याद करके आइएगा।

(ख) निम्नलिखित शब्दों को तीन-तीन बार लिखकर लाइएगा।

हिन्दोस्ताँ हमसाया गुलशन पासबाँ मज़हब

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

संदिग्ध वर्तमान काल

**वाक्य :**

1. पारा काम कर रहा होगा।
2. सियामी खाना पका रही होगी।
3. वे आ रहे होंगे।
4. वह नहा रहा होगा।
5. वह पढ़ रही होगी।
6. वे गा रहे होंगे।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'संदिग्ध वर्तमान काल' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र संदिग्ध वर्तमान काल को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# त्लिङी और ङमा

पाठ – 9



बहुत समय की बात है, एक गाँव में एक खूबसूरत युवक रहता था जिसका नाम ङमा था। उसी गाँव में एक सुंदर युवती भी थी, जिसका नाम त्लिङी था। दोनों एक-दूसरे से बचपन से ही बेहद प्यार करते थे। दूसरे प्रेमी-प्रेमिकाओं की तरह दोनों ऐसी जगह मिलते थे जिसे कोई नहीं पहचानते थे। एक दिन दोनों ने आपस में पहाड़ की चोटी के पास मिलने का वादा किया।

उन दिनों दुश्मनों का बोलबाला था। जंगल में काम करनेवाले, गाँव में काम करनेवाले सभी हर काम को बिना आहट के करते थे, जिससे कि दुश्मन उनकी उपस्थिती को न जान सकें।

निर्धारित स्थान पर त्लिङी पहले पहुँचकर चुपचाप एक जगह छुपकर बैठ जाती है । ङमा भी उस पहाड़ी की चोटी के पास चुपचाप अपनी प्रेमिका त्लिङी के आने का इंतज़ार करता है । त्लिङी ने भी ङमा का दिनभर इंतज़ार किया । चूँकि दुश्मनों का डर बना रहता था, इसलिए वे एक-दूसरे को आवाज़ भी नहीं दे सकते थे । एक दूसरे का इंतज़ार करते-करते दोनों को यह पता ही नहीं चल पाया कि कितने दिन बीत चुके हैं । उसी स्थान में ङमा की याद में त्लिङी की मृत्यु तक हो गयी ।

त्लिङी के मर जाने से ङमा दुखी रहने लगा । उसने त्लिङी की कब्र में एक सुंदर फूल जिसे मिज़ो में 'ज़ामज़ौ' कहा जाता है, लगाया । उसमें बहुत सुंदर फूल निकल आए । ङमा हर सुबह कब्र देखने जाता था । उसने देखा कि उस फूल को रोज़ कोई तोड़ ले जाता है । किंतु कौन तोड़ा करता है, यह समझ नहीं सका ।

उसने एक रात बैठकर इंतज़ार किया किंतु वहाँ कोई नहीं आया । पर सुबह होते ही एक जंगली बिल्ली आई और खिले-खिले फूल तोड़ने लगी । ङमा ने अचानक उस जंगली बिल्ली को दबोचा और पकड़ लिया । इतने में जंगली बिल्ली बोल उठी, "मुझे त्लिङी ने भेजा है इसलिए मुझे मत मारो ।" जंगली बिल्ली की बातों ने ङमा के दिल को छू लिया और कहा, "मुझे बताओ, त्लिङी कहाँ है ? कहाँ रहती है ?" जंगली बिल्ली ने कहा, "वह मिथ्थिखुआ" यानि मृत्युलोक अर्थात उस गाँव में रहती है जहाँ मरे हुए लोग रहते हैं ।"

ङमा ने मृत्युलोक जाने की ठान ली । जंगली बिल्ली ने कहा, जीवित मनुष्य के लिए उस गाँव में जाना नामुमकिन है । तब भी ङमा ने मृत्युलोक में जाने का

© SCERT MIZORAM not to be republished

**निश्चय** किया। वह जंगली बिल्ली के पीछे-पीछे जाने लगा। कभी तो पत्थरों के बीच गुजरना पड़ता था, तो कभी बहुत संकीर्ण जगह से गुजरना पड़ता था। अंत में वह चोट खाते-खाते उस मृत्युलोक में पहुँच गया।

वह त्लिङी के घर पहुँचा तो त्लिङी बहुत खुश हुई। वहाँ कुछ दिनों तक ठहरने के बाद त्लिङी के घर की मरम्मत करने के लिए लकड़ी लेने दोनों जंगल गए। जंगल में उन्होंने तेलहोङ (एक बड़ा पौधा) का पौधा देखा। ङमा की नजरों में तो वह साधारण पौधा था, सो उसने उसे आसानी से चीर-फाड़ किया। किंतु वह पौधा त्लिङी की नजरों में तो बहुत ही बड़ा पेड़ था। इसलिए त्लिङी को बड़ा **आश्चर्य** हुआ।

एक बार फिर ङमा मृतकों के साथ भालू का शिकार करने जंगल गया। ङमा ने देखा कि उनका भालू तो एक काला कीड़ा है जिसके लंबे-लंबे बाल होते हैं इसलिए उसने तो चलते-चलते अपने पैरों से कुचल दिया। लोग **आश्चर्य** में पड़ गए और उसे बहुत बहादुर समझने लगे।

एक बार वे सभी मछली पकड़ने नदी गए तो ङमा ने देखा कि उनकी मछलियाँ तो पेड़ से गिरे सूखे पत्ते थीं। मृतकों ने पत्ते को एक-एक कर बटोरना शुरू किया, यह देखकर ङमा ने एक ही बार में ढेर सारे पत्ते रूपी मछलियों को अपने हाथों से बटोरना शुरू कर दिया जिसे देखकर मृत्युलोक के वासी **आश्चर्य** चकित रह गए। रास्ते में लोगों ने कहा, “ङमा, हम घर कैसे जाएँगे? मक्खी की तरह या घुटनों के बल ?” ङमा ने बिना सोचे समझे झट से कह दिया कि ‘मक्खी की तरह’। इतना सुनते ही वे जुगनू बनकर घर की ओर उड़ने लगे। बेचारा ङमा

© SCERT MIZORAM not to be republished

अकेला पड़ गया और रास्ता भटक गया। अंधेरा भी हो चुका था इसलिए त्लिङी ने लोगों से जब पूछा कि ङमा अब तक घर क्यों नहीं पहुँचा तो लोगों ने उसे सारी बातें बता दीं। फिर ङमा को लेने किसी को भेजा गया।

घर आकर उन मछली रूपी पत्तों को जलाया गया। ङमा ने जब उस पत्ते को जलाया तो वह झट जलकर राख हो गया। किंतु जब त्लिङी जलाती थी तो मछली की तरह उससे गंध निकलती थी और न ही जलकर राख होती थी। अंत में त्लिङी ने कहा, "ङमा, इस तरह तो हम दोनों का निर्वाह नहीं हो पाएगा। इसलिए वापस चले जाओ और मृत्यु को गले लगाओ तब फिर आना।"

वापस जाकर ङमा ने अपने-आप को चाकू से मारकर मृत्यु को गले लगाया और मृतकों के गाँव में अर्थात् 'मिथिखुआ' में वापस आ गया। अब ङमा को सब समझ में आ गया कि मृत लोगों एवं जीवित लोगों का नजरिया अलग-अलग होता है। अब त्लिङी जो देखती व समझती थी ङमा भी समझने लगा। अब दोनों एक दूसरे को खूब समझने लगे और खुशी-खुशी रहने लगे।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| मरम्मत | - बनाना / to repair | संकीर्ण | - संकुचित / narrow |
| नामुमकिन | - असंभव / impossible | आहट | - टोह लेना / noise |
| खूबसूरत | - सुंदर / beautiful | प्रेमी | - आशिक / lover |
| बचपन | - शैशव काल / childhood | इंतजार | - प्रतीक्षा / to wait |
| जान से मारना | - मार डालना / to kill | कब्र | - कब्रिस्तान / graveyard |
| जुगनू | - जुगनू/ firefly | अचानक | - एकाएक / suddenly |

© SCERT MIZORAM not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| आसानी से | - सरलता से / easily | कीड़ा | - कीट / insect |
| बटोरना | - इकट्ठा करना / to collect | सफ़लता | - विजय / success |
| गंध | - महक / smell | मनुष्य | - आदमी, नर / man |

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

## अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) खूबसूरत युवक और सुंदर युवती का नाम क्या था ?

(ख) फूल को कौन तोड़ ले जाता था ?

(ग) किसने मृत्युलोक जाने की ठान ली ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

(घ) मृत्युलोक में काले कीड़े को क्या मानते थे ?

(ङ) लोग ङमा को बहादुर क्यों मानने लगे ?

(च) कौन रास्ता भटक गया था ?

(छ) अंत में दोनों प्रेमी कैसे रहने लगे ?

**2. पढ़े गए पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) उन दिनों ___________ का बोलबाला था।

(ख) त्लिङी के मर जाने पर _______दुखी रहने लगा।

(ग) उस _______को रोज़ कोई तोड़ ले जाता था।

(घ) उसने एक रात बैठकर _______ किया।

(ङ) वह जंगली बिल्ली के ________चल दिया।

(च) घर आकर उस _______रूपी पत्ते को जलाया गया।

(छ) ________ भी हो चुका था।

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

(क) जंगली बिल्ली -

(ख) खूबसूरत -

(ग) दुश्मन -

(घ) नामुमकिन -

© SCERT MIZORAM not to be republished

(ङ) सफ़लता -

(च) अंधेरा -

(छ) साधारण -

(ज) लंबे-लंबे -

**4. किसने किससे कहा ?**

(क) "मुझे त्लिङी ने भेजा है इसलिए मुझे मत मारो।"

(ख) "मुझे बताओ, त्लिङी कहाँ है ?"

(ग) "वह मृत्युलोक अर्थात् उस गाँव में रहती है, जहाँ मरे हुए लोग रहते हैं।"

(घ) "ङमा, हम घर कैसे जाएँगे ? मक्खी की तरह या घुटनों के बल ?"

(ङ) "मक्खी की तरह।"

**5. दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुरानी | खूबसूरत | इंतज़ार | फूल |
| मनुष्य | भाली | सफ़लता | रोज़ |

**गृहकार्य :** 1. ङमा के बारे में पाँच वाक्य लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

2. तिलडी के बारे में पाँच वाक्य लिखकर लाइए।

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
अपूर्ण भूतकाल

**वाक्य :**

1. वह जा चुका है।
2. वह आ चुकी है।
3. वे लिख चुके हैं।
4. वह खाना खा चुका है।
5. वे चाय बना चुके हैं।
6. वे वहाँ पहुँच चुके हैं।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर ' अपूर्ण भूतकाल' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र अपूर्ण भूतकाल को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अनुच्छेद लेखन

पाठ – 10

किसी एक विषय या विचार को स्पष्ट करने के लिए लिखा गया लेख 'अनुच्छेद' कहलाता है। यह निबंध का छोटा रूप होता है। निबंध में कई अनुच्छेद होते हैं, परंतु इसमें एक ही अनुच्छेद में अपनी बात कही जा सकती है। अनुच्छेद लेखन बच्चों की मानसिक एवं सृजनात्मक क्षमता को बढ़ाने में बहुत ही सहायक सिद्ध होता है।

**अनुच्छेद लिखते समय निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए :**

(क) दिए गए विषय पर मन में विचार करें।

(ख) भाषा सरल, स्पष्ट और सटीक हो।

(ग) वाक्य छोटे-छोटे तथा विषय के अनुकूल हों।

(घ) वाक्य आपस में संबंध रखते हों।

(ङ) सही वाक्यों और शब्दों का प्रयोग करें।

(च) एक ही बात को न दोहराएँ।

(छ) अंत में विषय से संबंधित सुझाव देते हुए अपने विचार लिखें।

(ज) अनुच्छेद संक्षिप्त व प्रभावशाली हो।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मेरा मित्र

लियाना मेरा प्रिय मित्र है। वह पढ़ाई और खेल-कूद में हमेशा मेरा साथ देता है। वह हमेशा साफ़-सुथरा रहता है। वह बड़ों का आदर करता है। लियाना अपने साथियों को बहुत प्यार करता है। फुटबॉल उसका प्यारा खेल है। वह पढ़ाई में हमेशा प्रथम आता है। वह अध्यापकों की अनुपस्थिति में कक्षा को संभालता है, सभी शिक्षक और सहपाठी उससे प्यार करते हैं। वह हमेशा पढ़ाई और सुख-दुख में मेरा साथ देता है। हम दोनों शाम को खेलने जाते हैं। घर में उसे सब प्यार करते हैं। वह सबके सुख-दुख में हाथ बँटाता है।

# गाय

गाय एक पालतू पशु है। यह एक चौपाया जानवर है। इसकी आँखें बड़ी-बड़ी, कान बड़े और एक लंबी पूछ होती है। इससे हम मीठा और **पौष्टिक** दूध पाते हैं। इसके दूध से मिठाइयाँ, पनीर, दही तथा अन्य खाद्य सामग्रियाँ बनती हैं। भारतीय समाज में गाय को परिवार का सदस्य माना जाता है। गाय जीवनपर्यंत मनुष्य के काम आती है। गाय का गोबर खाद और उपले बनाने के काम आता है।

गाय का बछड़ा बैल बनकर किसान का सहायक होता है। मरने के बाद भी गाय उपयोगी होती है। इसके चमड़े से विभिन्न प्रकार की आवश्यक चीज़ें बनती हैं। इसकी हड्डियाँ खाद बनाने के काम आती हैं। इस उपयोगी एवं महत्वपूर्ण पशु का संरक्षण आवश्यक है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## स्वतंत्रता – दिवस ( 15 अगस्त )

स्वतंत्रता-दिवस हमारा राष्ट्रीय त्योहार है । 15 अगस्त, 1947 को हमारे देश भारत ने अपनी खोई हुई स्वतंत्रता प्राप्त की थी । तभी से यह राष्ट्रीय त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है । दिल्ली में स्वतंत्रता-दिवस लाल किले पर मनाया जाता है । प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फ़हराते हैं । तीनों सेनाओं के जवान सलामी देते हैं । प्रधानमंत्री देश के नाम संदेश देते हैं । स्वतंत्रता-दिवस पर देश के सभी भागों में राष्ट्रीय ध्वज फ़हराया जाता है । इस दिन पूरे देश में छुट्टी रहती है । हमने जो स्वतंत्रता त्याग और बलिदान करके पाई है उसकी रक्षा करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है ।

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए ।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे ।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं । (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए ।
5. पाठाधार पर अन्य पशुओं के बारे में बोलने या लिखने का अभ्यास छात्रों द्वारा करवाया जाए ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

1. **इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

    1. अनुच्छेद लेखन किसे कहते हैं ?
    2. अनुच्छेद लेखन में किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ?
    3. अनुच्छेद लेखन किसलिए लिखा जाता है ?
    4. अनुच्छेद लेखन में प्रयुक्त वाक्य और शब्द कैसे होने चाहिए ?

**गृहकार्य : निम्नलिखित विषयों पर एक-एक अनुच्छेद लिखिए :**

क) विद्यालय
ख) क्रिसमस
ग) मेरा परिवार
घ) दीपावली
ङ) कुत्ता
च) फुटबॉल-खेल
छ) ईद
ज) मेरा शहर

© SCERT MIZORAM not to be republished

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

'के बाद' का प्रयोग

**वाक्य :**

1. आप चार बजे के बाद आइए।
2. तुम मुआना के बाद जाओ।
3. तू खाना खाने के बाद बाज़ार जा।
4. मेरे बाद तुम खेलो।
5. पहले लिखो उसके बाद पढ़ो।
6. चार बजे के बाद यहाँ गाड़ी आएगी।
7. मैं चाय पीने के बाद जाऊँगा।
8. सोमवार के बाद मंगलवार आता है।
9. आपके बाद लियाना की बारी है।
10. हम नहाने के बाद नाश्ता करते हैं।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'के बाद' का प्रयोग करते हुए अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र 'के बाद' के प्रयोग को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# प्रशासनिक शब्दावली

## पाठ – 11

| | | |
|---|---|---|
| Parliament | - | संसद |
| Member of Lower House of Parliament | - | लोकसभा के सदस्य |
| Member of Upper House of Parliament | - | राज्यसभा के सदस्य |
| Member of Parliament | - | संसद-सदस्य |
| Legislative Assembly | - | विधान सभा |
| Member of Legislative Assembly | - | विधायक |
| Governor | - | राज्यपाल |
| President | - | राष्ट्रपति |
| Vice President | - | उपराष्ट्रपति |
| Prime Minister | - | प्रधानमंत्री |
| Deputy Prime Minister | - | उप प्रधानमंत्री |
| Finance Minister | - | वित्त मंत्री |
| Defence Minister | - | रक्षा मंत्री |
| Home Minister | - | गृह मंत्री |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

| | |
|---|---|
| Higher &Technical Education Minister | - उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री |
| School Education Minister | - विद्यालयी शिक्षा मंत्री |
| Health Minister | - स्वास्थ्य मंत्री |
| Agriculture Minister | - कृषि मंत्री |
| Human Resource Development Minister | - मानव संसाधन विकास मंत्री |
| Railway Minister | - रेलवे मंत्री |
| Youth Affairs & Sport Minister | - युवा कल्याण एवं क्रीड़ा मंत्री |
| Planing Commission | - योजना आयोग |
| Law & Judicial Minister | - विधि एवं न्यायिक मंत्री |
| External (Affairs) Minister | - विदेश मंत्री |
| Tourism Minister | - पर्यटन मंत्री |
| Art & Culture Minister | - कला एवं संस्कृति मंत्री |
| Director | - निदेशक |
| Joint Director | - संयुक्त निदेशक |
| Deputy Director | - उप निदेशक |
| Assistant Director | - सहायक निदेशक |
| Accountant | - लेखाकार |
| All India Radio | - आकाशवाणी |
| Postal Service Department | - डाक सेवा विभाग |

© SCERT MIZORAM not to be republished

## आदेश तथा अभ्यास

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पाठ का लेखन एवं सस्वर वाचन करवाया जाएँ।

## अभ्यास

**1. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) भारत के वर्तमान राष्ट्रपति कौन हैं ?

(ख) भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री कौन हैं ?

(ग) मिज़ोरम से लोक सभा में कितने सदस्य हैं ?

(घ) मिज़ोरम की विधानसभा में कितने सदस्य हैं ?

(ङ) मिज़ोरम के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

**2. हिंदी में अनुवाद कीजिए :**

(क) Deputy Prime Minister

(ख) Human Resource Development Minister

(ग) Art & Culture Minister

(घ) Higher & Technical Minister

(ङ) Youth Affairs & Sports Minister

**3. इन वाक्यों को ध्यान से पढ़िए और समझिए :**

(क) मिज़ोरम के डाक सेवा विभाग का मुख्यालय आइज़ोल में है ।

(ख) राज्यपाल राजभवन में रहते हैं ।

(ग) राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रहते हैं ।

(घ) भारत की संसद में लोकसभा और राज्यसभा है ।

(ङ) राज्य सरकार में केंद्रीय सरकार का प्रतिनिधित्व राज्यपाल करते हैं।

**4. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

निदेशक गृह मंत्री स्वस्थ्य मंत्री विदेश मंत्री विधान सभा

**गृहकार्य :** मिज़ोरम की विधानसभा के बारे में पाँच वाक्य लिखकर लाइए ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

'के बिना' का प्रयोग

**वाक्य :**

1. हम पानी के बिना ज़िंदा नहीं रह सकते।
2. चीनी के बिना चाय अच्छी नहीं लगती।
3. आपके बिना मैं वहाँ नहीं जा सकता।
4. परिश्रम के बिना सफ़लता नहीं मिलती।
5. तुम्हारे बिना यह काम नहीं होगा।
6. मुआनी के बिना वह नहीं जाएगी।
7. मैं उसके बिना खाना नहीं खाऊँगी।
8. हमारे बिना जाकर खरीदो।
9. खेल के बिना शिक्षा अधूरी होती है।
10. चश्मे के बिना मैं पढ़ नहीं सकता।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'के बिना' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र 'के बिना' को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# ज़ोरम कोकिला

पाठ – 12



मिज़ो समुदाय के बीच में गायिका, लेखिका के रूप में तथा अपने लंबे बालों के लिए प्रसिद्ध व मशहूर पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती ललसाङ्जुआली साइलो का जन्म 15 मई, 1949 को थिङ्साइ गाँव में हुआ था। इनके पिता का नाम एस. वानछ्मा और माता का नाम सापथङी था। भाई-बहनों में ये सबसे बड़ी थीं। मिज़ोरम में इन्हें 'ज़ोरम कोकिला' के नाम से जाना जाता है।

बचपन से ही इनको गाने का बड़ा शौक था। आठवीं कक्षा में पढ़ते समय साङ्जुआली ने अपना पहला गीत लिखा था। इन्होंने इतिहास में एम.ए. किया था। मिज़ोरम सरकार ने 1973 में हिंदी पढ़ने के लिए इन्हें केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा में तीन माह के लिए प्रतिनियुक्त किया था।

इन्होंने 1 जनवरी, 1973 से जे.एल. हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापिका का पद संभाला। 21 अगस्त, 2002 को इन्हें इसी स्कूल में प्रधानाध्यापिका बना दी गई। 19 मई, 2005 को इनका स्थानांतरण आइज़ोल हाई स्कूल में कर दिया

गया । 17 फरवरी, 2006 को इन्हें गर्वमेंट कंप्रिहेंसिव मॉडल स्कूल में पुनः स्थानांतरित कर दिया गया।

गद्य विधा की इनकी दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें 'क्रिस्तियान मारतर रौपुइते'[1] (1990), 'थुथ्लुङ थर म्हेइछियाते'[2] (1991), 'कूलवा़'[3] (1993) आदि पुस्तकें विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं । इनकी पुस्तक 'त्लोम व़ेलौ ललनू रौपुईलियानी'[4] को 1999 में मिज़ो अकादमी ऑफ लैटर्स के द्वारा सर्वोत्तम पुस्तक के रूप में सम्मानित किया गया । पुस्तकों के अलावा इन्होंने क़रीब 25 एलबम रिलीज़ किए हैं, जिनमें इनके खुद के गीत भी सम्मिलित हैं । इनकी साहित्यिक प्रतिभा से प्रभावित होकर 12 अप्रैल, 1998 में भारत के तात्कालिक राष्ट्रपति श्री के.आर. नारायण ने इन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था ।

27 जून, 1978 में इनका विवाह श्री ललदिनलियाना के साथ हुआ । इनके एक पुत्री और दो पुत्र हुए । श्रीमती ललसाङ्जुआली बहुत ही मेहनती, मिलनसार महिला थीं । ये अपना खाली समय कभी भी व्यर्थ नहीं जाने देती थीं। जब भी इन्हें समय मिलता, अपनी कलम पकड़कर गीत या कविता की रचना करने बैठ जाती थीं।

14 अक्टूबर, 2006 को नेउरजिम (ब्रेन ट्यूमर) के कारण मिज़ो समुदाय की एक प्रकाशमयी ज्योति सदा के लिए बुझ गई, किंतु अपने गीतों, पुस्तकों और रचनाओं के कारण वे सदा हमारे बीच अमर रहेंगी ।

1.Kristian martar ropuite 2.Thuthlungthar hmeichhiate 3.Kulva 4.Tlawm ve lo Lalnu Ropuiliani

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

समुदाय - समाज जाति, मंडली, वर्ग / community

मशहूर - प्रख्यात, प्रसिद्ध / famous, popular

पद्मश्री - भारत सरकार द्वारा दिया जानेवाला एक विशेष सम्मान/ Padmashree

शौक - रूचि / interest

निष्ठा - विश्वास / faith

सर्वोत्तम - सबसे उत्तम, सबसे बढ़कर या अच्छा / best

स्थानांतरण - जगह बदलना / transfer

वरदान - आशीर्वाद / a boon

क़रीब - समीप, पास, निकट / near

प्रतिभा - असाधारण बुद्धि, समझ / endowed with intellect

मिलनसार - सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलनेवाला / friendly

व्यर्थ - बिना मतलब, बेकार / waste, meaningless

सदा के लिए - हमेशा के लिए / forever

बुझ जाना - मर जाना / to die

प्रकाशमयी - सदैव मार्गदर्शन करनेवाली / shining brightly

अमर - कभी न मरनेवाला / immortal

प्रतिनियुक्त - किसी अन्य कार्य हेतु सरकार द्वारा दूसरी जगह भेजना / deputed

तत्कालीन - उसी समय का / contemporary

© SCERT MIZORAM not to be republished

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाएँ।

## अभ्यास

**1. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) श्रीमती ललसाङ्जुआली का जन्म कब हुआ ?

(ख) ललसाङ्जुआली का नाम 'ज़ोरम कोकिला' क्यों पड़ा ?

(ग) ललसाङ्जुआली ने हिंदी कहाँ से पढ़ी ?

(घ) उनकी किस पुस्तक को 'सर्वोत्तम पुस्तक' का पुरस्कार मिला।

(ङ) इनके किस योगदान के कारण इन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

(च) उनकी मृत्यु कैसे हुई ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

**2. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) ललसाङ्जुआली का जन्म ______में ______गाँव में हुआ था।

(ख) बचपन से ही _______का बड़ा शौक था।

(ग) इन्होंने अपना जीवन ________रूप में शुरू किया।

(घ) राष्ट्रपति ने उन्हें _______ से सम्मानित किया था।

(ङ) एक प्रकाशमयी ज्योति _______ के लिए बुझ गई।

**3. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

मशहूर शौक वरदान क़रीब निष्ठा

**4. उदाहरण के अनुसार शब्द बनाइए :**

उदाहरण : साहित्य + इक = साहित्यिक

(क) राजनीति + इक =

(ख) मुख + इक =

(ग) अध्यात्म + इक =

(घ) भूगोल + इक =

(ङ) नीति + इक =

**5. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

स्थानांतरण मिलनसार अमर सर्वोत्तम व्यर्थ

**6. इस पाठ से दस 'संज्ञा' शब्द निकालिए।**

**गृहकार्य :** श्रीमती ललसाङ्जुआली साइलो के बारे में दस वाक्य लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

एँगे / एंगी / ऊँगा / उँगी

**वाक्य :**

1. आप क्या खाएँगे ?
   मैं कुछ नहीं खाऊँगी ।
2. आप कहाँ जाएँगे ?
   मैं रेल स्टेशन जाऊँगा ।
3. आप क्या लेंगे ?
   मैं एक गिलास पानी लूँगा ।
4. आप क्या खेलना पसंद करेंगे ?
   मैं फुटबॉल खेलना पसंद करूँगा ।
5. आप अभी क्या करेंगी ?
   मैं अभी कपड़े धोऊँगी ।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'भविष्यत् काल' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र ' एँगे / एँगी / ऊँगा / उँगी' को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

पाठ – 13

# फुटबॉल का खेल



**(विद्यालय की छुट्टी के बाद थङा खेल खेलना चाहता है और वह अपने दोस्तों के पास जाता है ।)**

थङा - लियाना, आज हम कौन-सा खेल खेलेंगे ?

लियाना - चलो, आज फुटबॉल खेलते हैं । क्या तुम फुटबॉल खेलना पसंद करोगे ?

थङा - हाँ, खेलते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| लियाना | - | तुझे कौन-सा खेल सबसे अधिक पसंद है ? |
| थङा | - | मुझे क्रिकेट खेलना सबसे अधिक पसंद है। |
| लियाना | - | अच्छा, लेकिन आज फुटबॉल खेलते हैं। |
| थङा | - | ठीक है, औरों को भी बुलाते हैं। |
| लियाना | - | हाँ, मैं दोस्तों को बुलाता हूँ। |
| | | (अन्य लड़के आ गए) |
| मोया | - | अच्छा, हम आ गए हैं। टीम कप्तान कौन बनेगा ? |
| लियाना | - | थङा को ही टीम कप्तान बनाते हैं। |
| | | (खेलने के बाद) |
| जुआला | - | मोया, खेल खत्म हो गया, किस दल ने जीता ? |
| मोया | - | हाँ, हमारे दल ने जीता। |
| जुआला | - | आपके विपक्ष में कौन खेला ? |
| मोया | - | बियाका का दल खेला। |
| जुआला | - | टीम कप्तान कौन था ? |
| मोया | - | थङा कप्तान था। |
| जुआला | - | अच्छा थङा, बहुत खुशी की बात है कि आपकी टीम ने जीत ली। |
| थङा | - | धन्यवाद ! हमारे दल में बढ़िया टीम-कोंबिनेशन था इसलिए जीत ली। |
| लियाना | - | हाँ, कल तो हम क्रिकेट खेलेंगे। |
| सभी लड़के | - | ठीक है। कल क्रिकेट खेलेंगे। |

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

पसंद - रूचि, चाहना / liking, choice

बुलाना - पुकारना / to call

खत्म - समाप्त / end, finish

विपक्ष - विरोधी / opponent

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. अध्यापक अलग-अलग छात्रों को अलग-अलग पात्र (पाठ के अनुसार) निर्धारित करेगा और उनसे पाठ के अनुसार बुलवाएगा।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

1. **प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) लड़के कब खेल खेलते हैं ?

(ख) थङा किसके पास गया ?

(ग) थङा का सबसे पसंदीदा खेल कौन-सा था ?

(घ) फुटबॉल में टीम का कप्तान कौन था ?

(ङ) किसकी टीम हार गई ?

(च) फुटबॉल का खेल खेलने के लिए कितना समय लगता है ?

(छ) एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं ?

2. **दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

| | | |
|---|---|---|
| फुटबॉल | क्रिकेट | दल |
| पुरस्कार | शाम | मैदान |

3. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पसंद | जीतना | दिन | पास |
| बड़ा | रोना | आना | आराम |

**गृहकार्य :** फुटबॉल खेल के बारे में दस वाक्य लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
"क्या" का प्रयोग

**वाक्य :**

1. क्या मैं अंदर आ सकता हूँ ?
2. क्या मैं बाहर जा सकता हूँ ?
3. क्या मैं पेशाब करने जा सकती हूँ ?
4. क्या हम खेल सकते हैं ?
5. क्या वे आराम कर सकते हैं ?
6. क्या तुम देख सकते हो ?
7. क्या आप हिंदी पढ़ सकते हैं ?
8. क्या कल स्कूल की छुट्टी है ?
9. क्या तुम फुटबॉल नहीं खेलते ?
10. क्या अभी तक गाड़ी नहीं आई ?

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'क्या' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र 'क्या' के प्रयोग को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 14

# समय का सदुपयोग



इस संसार में सबसे बहुमूल्य वस्तु है – समय । कहा जाता है कि 'समय और लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करते' । जो समय को नष्ट करते हैं, समय उन्हें नष्ट कर देता है । समय के महत्व को न समझने वाला व्यक्ति जीवन में पीछे रह जाता है ।

समय तरकश से निकले तीर के समान है जिसे लौटाया नहीं जा सकता । समय के सदुपयोग का अर्थ भी यही है कि समय पर अपना कार्य पूर्ण कर लेना चाहिए । इतिहास भी इस बात की गवाही देता है । जो समय को नहीं समझता या समय के अनुसार काम नहीं करता, वह नष्ट हो जाता है और जीवन भर पछताता है । समय किसी का गुलाम नहीं, वह किसी की प्रतीक्षा नहीं करता ।

कुछ लोग आज का काम कल पर टालते जाते हैं । भूल जाते हैं कि कल कभी नहीं आता । इसलिए जो करना है आज ही कर लेना चाहिए ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

विद्यार्थियों के लिए समय का सदुपयोग करना और भी ज़रुरी है, क्योंकि उनके सामने अभी पूरा जीवन पड़ा है। उन्हें सफ़लता की ऊँची मंज़िल पानी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि बचपन में जो आदतें पड़ जाती हैं वे जीवन-भर बनी रहती हैं। जो विद्यार्थी समय पर कार्य करने की आदत नहीं डालते वे जीवन में कभी भी सफ़ल नहीं होते, क्योंकि समय तो अपनी गति से चलता रहता है, किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। इसलिए जो समय के महत्व को समझ जाते हैं, वह समय का विभाजन कर उसका सदुपयोग करना सीख जाते हैं। उसका भविष्य भी उज्जवल होता है। निर्धारित समय पर उचित कार्य करनेवाले व्यक्ति ही जीवन में सफ़लता पाते हैं।

कबीरदास जी ने कहा है –

“कल करै सो आज कर, आज करै सो अब्ब,

पल में परलय होयगी, बहुरि करैगो कब्ब।”

## शब्दार्थ

संसार - जगत / world

बहुमूल्य - कीमती / precious, costly

प्रतीक्षा - इंतज़ार / waiting

महत्व - आवश्यक समझना / importance

तरकश - तीर रखने का चोंग / a quiver

तीर - बाण / arrow

©SCERT MIZORAM not to be republished

| | | |
|---|---|---|
| सदुपयोग | - | अच्छी तरह उपयोग / proper use |
| गवाही | - | साक्ष्य / witnessing |
| अनुसार | - | अनुरूप, की तरह / according to, likewise |
| गुलाम | - | दास / a slave |
| मंज़िल | - | पड़ाव / destination |
| जीवन-भर | - | ज़िंदगी भर / whole life |
| गति | - | वेग / speed |
| विभाजन | - | बँटवारा / division |
| भविष्य | - | आनेवाला समय / future |
| उज्ज्वल | - | प्रकाश युक्त / brightness |
| निर्धारित | - | निशचित किया हुआ/ तय किया हुआ / determined |

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में सस्वर वाचन करवाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

1. **दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

   गुलाम    भूल    विद्यार्थी    बहुमूल्य    प्रतीक्षा

   (क) ________ को सफ़लता की ऊँची मंज़िल पानी है।

   (ख) समय और लहरें किसी की _______ नहीं करते।

   (ग) समय किसी का ________ नहीं।

   (घ) कुछ लोग _______ जाते हैं कि कल कभी नहीं आता।

   (ङ) संसार में सबसे _______ वस्तु समय है।

2. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

   (क) संसार में सबसे बहुमूल्य वस्तु क्या है ?

   (ख) समय और लहरें किसकी प्रतीक्षा नहीं करते ?

   (ग) जीवन की दौड़ में कौन पीछे रह जाता है ?

   (घ) समय किसके समान है ?

   (ङ) 'समय का सदुपयोग' से आप क्या समझते हैं ?

   (च) जीवन-भर कौन पछताता है ?

   (छ) आज का काम कब करना चाहिए ?

   (ज) किसके सामने पूरा जीवन पड़ा है ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

(झ) समय का सदुपयोग करने से क्या लाभ होगा ?

(ञ) जीवन में कौन सफ़लता प्राप्त करता है ?

**3. इन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| महत्व | अनुसार | सफ़लता | आदत |
| जीवन | समय | ज़रूरी | उचित |

**4. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अच्छा | आवश्यक | भविष्य | भूल |
| दिन | बड़ा | जीवन | उचित |

**गृहकार्य :** हम समय का सदुपयोग कैसे कर सकते हैं ?

इस बारे में पाँच वाक्य लिखकर लाइए ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

'विशेषण' का प्रयोग

**वाक्य :**

1. माएङी की बड़ी-बड़ी आँखें हैं।
2. टी.वी. में रोज़ नई-नई ख़बरें आती हैं।
3. मुआनपुई हमेशा सुंदर-सुंदर फूल लेकर आती है।
4. काले-काले बादल दिख रहे हैं।
5. यह मेरी प्यारी-प्यारी, भोली-भोली बिटिया रानी है।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'विशेषणों' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र विशेषण को ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# गिनती

पाठ – 15

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक | - १ | 17 | सत्रह | - १७ |
| 2 | दो | - २ | 18 | अठारह | - १८ |
| 3 | तीन | - ३ | 19 | उन्नीस | - १९ |
| 4 | चार | - ४ | 20 | बीस | - २० |
| 5 | पाँच | - ५ | 21 | इक्कीस | - २१ |
| 6 | छः | - ६ | 22 | बाईस | - २२ |
| 7 | सात | - ७ | 23 | तेईस | - २३ |
| 8 | आठ | - ८ | 24 | चौबीस | - २४ |
| 9 | नौ | - ९ | 25 | पच्चीस | - २५ |
| 10 | दस | - १० | 26 | छब्बीस | - २६ |
| 11 | ग्यारह | - ११ | 27 | सत्ताईस | - २७ |
| 12 | बारह | - १२ | 28 | अट्ठाईस | - २८ |
| 13 | तेरह | - १३ | 29 | उनतीस | - २९ |
| 14 | चौदह | - १४ | 30 | तीस | - ३० |
| 15 | पंद्रह | - १५ | 31 | इकतीस | - ३१ |
| 16 | सौलह | - १६ | 32 | बत्तीस | - ३२ |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | तैंतीस | - ३३ | 53 | तिरपन | - ५३ |
| 34 | चौंतीस | - ३४ | 54 | चौवन | - ५४ |
| 35 | पैंतीस | - ३५ | 55 | पचपन | - ५५ |
| 36 | छत्तीस | - ३६ | 56 | छप्पन | - ५६ |
| 37 | सैंतीस | - ३७ | 57 | सत्तावन | - ५७ |
| 38 | अड़तीस | - ३८ | 58 | अट्ठावन | - ५८ |
| 39 | उनतालीस | - ३९ | 59 | उनसठ | - ५९ |
| 40 | चालीस | - ४० | 60 | साठ | - ६० |
| 41 | इकतालीस | - ४१ | 61 | इकसठ | - ६१ |
| 42 | बयालीस | - ४२ | 62 | बासठ | - ६२ |
| 43 | तैंतालीस | - ४३ | 63 | तिरसठ | - ६३ |
| 44 | चौवालीस | - ४४ | 64 | चौंसठ | - ६४ |
| 45 | पैंतालीस | - ४५ | 65 | पैंसठ | - ६५ |
| 46 | छियालीस | - ४६ | 66 | छियासठ | - ६६ |
| 47 | सैंतालीस | - ४७ | 67 | सड़सठ | - ६७ |
| 48 | अड़तालीस | - ४८ | 68 | अड़सठ | - ६८ |
| 49 | उनचास | - ४९ | 69 | उनहत्तर | -६९ |
| 50 | पचास | - ५० | 70 | सत्तर | - ७० |
| 51 | इक्यावन | - ५१ | 71 | इकहत्तर | - ७१ |
| 52 | बावन | - ५२ | 72 | बहत्तर | - ७२ |

© SCERT MIZORAM not to be republished

73 तिहत्तर - ७३

74 चौहत्तर - ७४

75 पचहत्तर - ७५

76 छिहत्तर - ७६

77 सतहत्तर - ७७

78 अठहत्तर - ७८

79 उन्यासी - ७९

80 अस्सी - ८०

81 इक्यासी - ८१

82 बयासी - ८२

83 तिरासी - ८३

84 चौरासी - ८४

85 पचासी - ८५

86 छियासी - ८६

87 सत्तासी - ८७

88 अठासी - ८८

89 नवासी - ८९

90 नब्बे - ९०

91 इक्यानवे - ९१

92 बानवे - ९२

93 तिरानवे - ९३

94 चौरानवे - ९४

95 पिचानवे - ९५

96 छियानवे - ९६

97 सत्तानवे - ९७

98 अट्ठानवे - ९८

99 निन्यानवे - ९९

100 सौ - १००

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए।
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)

© SCERT MIZORAM
not to be republished

4. अब मैं लिखूँगा और आप पढ़ेंगे। (अध्यापक श्यामपट पर लिखता जाएगा और छात्र व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़ते जाएँगे।)

## अभ्यास

**1. खंड 'अ' और खंड 'आ' के मिलान कीजिए :**

| | 'अ' | 'आ' |
|---|---|---|
| (क) | पंद्रह | 20 |
| (ख) | उन्नीस | 93 |
| (ग) | 99 | छब्बीस |
| (घ) | 83 | 15 |
| (ङ) | तिरानवे | बत्तीस |
| (च) | बयालीस | 18 |
| (छ) | 32 | निन्यानवे |
| (ज) | 26 | 19 |
| (झ) | बीस | तिरासी |
| (ञ) | अठारह | 42 |

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों को भरिए :**

(क) दस के बाद _____आता है। (सोलह/ग्यारह)

(ख) पंद्रह के पहले ______आता है। (नौ/ चौदह)

(ग) इक्कीस और तेईस के बीच ______ आता है। (तीस / बाईस)

(घ) अठहत्तर के बाद ______आता है। (अस्सी / उन्यासी)

© SCERT MIZORAM not to be republished

(ङ) बासठ और चौंसठ के बीच ______आता है। ( तिरसठ / पैंसठ)

(च) चौबीस के पहले ______आता है। ( पच्चीस / तेईस )

(छ) पचास के बाद _____आता है। ( उनचास / इक्यावन )

(ज) इकतालीस और तैंतालीस के बीच _____आता है। (बयालीस / चौवालिस )

(झ) अट्ठाईस के पहले ______ आता है। ( सत्ताईस / उन्नीस )

(ञ) तेरह के बाद _______आता है। (चौदह / बारह)

**गृहकार्य :** इक्यावन से सौ तक की गिनती लिखिए और उन्हें याद कीजिए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
गणना से संबंधित

**वाक्य :**

1. मैंने चालीस पुस्तकें खरीदी हैं।
2. बियाकी ने निन्यानवे रुपये की चप्पल खरीदी है।
3. मुझे पच्चीस रुपये-वाला बिस्कुट खरीदना है।
4. हमारे विद्यालय से चार छात्राएँ नृत्य करेंगी।
5. माँ ने मुझे पचास रुपये दिए।
6. छत पर तीन कबूतर बैठे हैं।
7. मुझे सियामी को सौ रुपये देना है।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर गणना से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाए और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र गणना के प्रयोग को ठीक से समझ सकें और उनका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished